# आवेदनों का गंभीरता पूर्वक करें निराकरण : अपर कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 18 नवंबर. बैतूल अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं।**

**अपर कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

**जनसुनवाई में आये कुल 75 आवेदन**



इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम साईंखेड़ा के आशीष साहू ने बिजली बिल भुगतान के बावजूद विद्युत वितरण केंद्र द्वारा मीटर काटने का अल्टीमेटम दिए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने एमपीईबी के संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्रीमती जाट ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम खोदरी निवासी बाबू बारस्कर ने पट्टा बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर अपर कलेक्टर ने जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान आईडी जोड़ने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम खोदरी निवासी बाबू बारस्कर ने पट्टा बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर अपर कलेक्टर ने भैंसदेही तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम मिलानपुर निवासी रंजन लोखंडे ने किसान आईडी जुड़वाए जाने के लिए आवेदन किया। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पोहर निवासी गोकुल पवार ने कपिल जलधारा के अंतर्गत खेत में कुआं बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर अपर कलेक्टर ने मुलताई जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम गौला निवासी मुकिंदराव ने आवेदन के माध्यम से ट्यूबवेल के पानी से लगातार नुकसान किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## अवैध कब्जा दिलाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में बैतूल तहसील निवासी नारायण यादव ने आवेदन के माध्यम से प्लाट पर अवैध रूप से अनावेदक द्वारा फेंसिंग लगाए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने प्रकरण के शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। भैंसदेही तहसील के ग्राम आमला निवासी कांता सुनील उईके ने अनावेदक द्वारा निजी भूमि पर किया अवैध कब्जे की शिकायत की। जिस पर अपर कलेक्टर ने भैंसदेही तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार मुलताई तहसील के ग्राम नगरकोट निवासी बलवंत डोंगरे ने अनावेदक द्वारा सीमांकन के बाद भी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। जिस पर अपर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# बिरूल-सांडिया प्रधानमंत्री सड़क से भारी वाहनों का आवागमन बंद हो



**मुलताई।** बिरूल बाजार, चंदोरा, सांडिया प्रधानमंत्री सड़क पर क्षमता से अधिक भार वाले वाहनो का आवागमन होने सड़क क्षति ग्रस्त हो चुकी है। उक्त मार्ग पर भारी वाहनो के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सांडिया के सरपंच ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया उक्त प्रधानमंत्री सडक 8 टन भारी वजन लेकर चलने के लिए बनाई गई है। जिस पर प्रतिदिन 100 से अधिक भारी वाहन ट्रको का आवागमन होता है,जबकि रोड सकरा है तथा भारी वाहनो के आने से रास्ता अवरूद्ध हो जाता है एवं दुर्घटना की संभावनाए भी बनी रहती है, भारी वाहनो के आवागमन से मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुके है। मार्ग के निकट स्कूल लगे हुए है,स्कूल के बच्चे सड़क पार करते समय या सड़क पर आते समय दुर्घटना की संभावना अत्याधिक बढ़ चुकी है। पूर्व में भी दुर्घटनाए हो चुकी है। भारी वाहनो के लिए पीडब्ल्यूडी अन्तर्गत बिरूल-पिसाटा-करजगांव होते हुए मुलताई के लिए भारी वाहनो के आवागमन हेतू मार्ग स्वीकृत एवं प्रारंभ है। लेकिन वाहन चालको द्वारा उक्त मार्ग से जबरन आवागमन संचालित मार्ग क्षतिग्रस्त कर रहे है। ज्ञापन में बिरूल चन्दोरा सांडिया प्रधानमंत्री सड़क से भारी वाहनों का आवागमन तत्काल बंद करवाए जाकर निर्धारित मार्ग से उक्त वाहनो का अवागमन कराए जाने की मांग की है।

## एक नजर में

### यूनिटी मार्च यात्रा 21 को

**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 21 नवंबर 2025 को बागडोना से पाठाखेडा तक और 22 नवंबर को सातनेर से आठनेर तक आयोजित होगी। इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके , मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, अमला विधायक योगेश पडाग्रे घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई व भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार शामिल होंगे। यात्रा का प्रारंभ सुबह 11 बजे होगा और समापन शाम 3 बजे होगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी साथ ही यात्रा के दौरान सरदार पटेल के आदर्शो पर संगोष्ठी चर्चाएं का भी आयोजन किया जाएगा। जिला युवा भारत श्रीमती सुषमा गवली ने पदयात्रा में अपना पंजीयन कराने का अनुरोध किया है।

### सीएस ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**बैतूल।** सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने मंगलवार को जिला अस्पताल की विभिन्न शाखाओं का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में कर्मचारियों की अनुपस्थिति सामने आई। पैथोलॉजी विभाग में जांच के समय लैब तकनीशियन श्रीमती नमिता मिश्रा और डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रार्थना ताम्रकार ड्यूटी पर नहीं मिलीं। दोनों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके पश्चात एमसीएच भवन का भी निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सोनोग्राफी कक्ष में पहुंचने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रसूताओं की सोनोग्राफी करते हुए पाई गईं। वहीं एएनसी एवं पीएनसी वार्ड के निरीक्षण में महिला रोग विशेषज्ञ अनुपस्थित मिलीं, जिनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। एसएचआईवी शाखा में भी डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रदीप दरवाई अपने कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिले, जिसके चलते उन्हें स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान आरएमओ डॉ. रानू वर्मा उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने सभी कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए।

# ऑनलाइन गणना प्रपत्र अपलोडिंग में बैतूल जिला अव्वल




**बैतूल।** जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण से भरे गए गणना प्रपत्रों को मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया पूरे वेग से जारी है। अभियान की प्रगति की लगातार समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षत जैन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ की प्रशंसा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ के कार्यों का दैनिक मूल्यांकन किया जा रहा है। मुलताई विधानसभा क्षेत्र 129 के मतदान केंद्र क्रमांक 194 के बीएलओ सुभाष गाढरे ने 98.66 प्रतिशत दर्जीकरण कर विधानसभा क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं आमला विस क्षेत्र 130 के मतदान केंद्र क्रमांक 160 की बीएलओ संगीता पवार ने 99.30 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्रथम स्थान हासिल किया। मतदान केंद्र 187 के बीएलओ सुनिता कवड़े ने 96.30 प्रतिशत दर्ज कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि आमला क्षेत्र के ही मतदान केंद्र क्रमांक 256 के बीएलओ दीपक वर्मा ने 94.60 प्रतिशत कार्य पूरा कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। घोड़ाडोंगरी विस क्षेत्र 132 के मतदान केन्द्र क्रमांक 86 की बीएलओ सुश्री मेघना डाली ने 83.71 प्रतिशत एवं विधानसभा क्षेत्र भैंसदेही के मतदान केन्द्र क्रमांक 230 की बीएलओ सुश्री सुभद्रा द्वारा 76.26 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र 131-बैतूल के बीएलओ दीपक राव द्वारा 48.21 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर अपनी विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्र के डिजिटाईजेशन कार्य में प्रथम स्थान पर है। कलेक्टर अक्षत जैन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने कहा कि बाकी बीएलओ भी प्रेरणा लेते हुए निर्धारित समयावधि में अपने कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें।

# दुर्गामठ तक हो ताप्ती जलमार्ग का निर्माण



**मुलताई।** पवित्र नगरी में रेल्वे स्टेशन से दुर्गा मठ तक ताप्ती जलमार्ग का सीमांकन कर गहरीकरण करते हुए पक्का निर्माण करने की मांग की मांग को लेकर मां ताप्ती तट रक्षक समिति के घनश्याम सोनी ने जनसुनवाई में एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन में ताप्ती जलमार्ग का सीमांकन कर गहरीकरण करते हुए नाले का दोनों ओर पक्का सीमेंट से निर्माण कर तार फेंसिंग और पौधारोपण किया जाए।ज्ञापन में बताया यदि नगर पालिका यह निर्माण कार्य नहीं करती है, तो ताप्ती भक्त और ताप्ती मंदिर ट्रस्ट द्वारा जमा लगभग 40 लाख रुपये की राशि से यह विकास कार्य किया जा सकता है। ताप्ती तट रक्षक समिति के घनश्याम सोनी द्वारा दिए गए ज्ञापन में नगर पालिका द्वारा संचालित मटन मार्केट दूसरे स्थान पर लगाने की मांग की है।ज्ञापन में बताया मध्य प्रदेश शासन ने 2009 में मुलताई को पवित्र नगरी घोषित किया था, धार्मिक स्थलों के पास मटन मार्केट का संचालन अनुचित है। समिति ने बताया कि वर्तमान स्थल से लगभग 50-60 मीटर की दूरी पर प्रसिद्ध नाग मंदिर स्थित है। बजरंग दल अखाड़ा और व्यायाम शाला स्थित है।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत, एक घायल

**बैतूल।** बैतूल बाजार रोड पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हनुमान मंदिर के सामने हुआ। जानकारी के अनुसार, बैतूल बाजार निवासी मोंटी पवार (22) पिता मुन्ना पवार हलवाई अपने साथी नितिन गायकवाड के साथ बाइक से बैतूल बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का टायर मोंटी के सिर के ऊपर से गुजर गया। सिर बुरी तरह कुचल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नितिन को राहगीरों की मदद से बड़ोरा स्थित गुरुकृपा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर बैतूल बाजार नगर निरीक्षक अंजना धुर्वे टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को जिला अस्पताल भिजवाया। टीआई अंजना धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि मोंटी किसी भारी वाहन की चपेट में आया। उसका सिर पूरी तरह कुचल गया था। उन्होंने कहा कि अगर वह हेलमेट पहने होता तो उसकी जान बच सकती थी। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ताप्तीवार्ड में खाली भूखंडों में जमा गंदा पानी



**मुलताई।** नगर के में ताप्ती वार्ड में स्थित खाली भूखंडो मे नालियों एवं बारिश का गंदा पानी जमा होने से बीमारिया फैलने का अंदेशा बना हुआ है। गंदे पानी की निकासी कराने वार्ड की महिलाओ ने जनसुनवाई में आवेदन सौपा है। ताप्ती वार्ड निवासी गीता दोड़के सहित महिलाओ ने बताया प्रदीप रघुवंशी के घर के सामने और अन्य स्थानों पर नाली एवं बारिश का पानी जमा हो रहा है, जिससे गंदगी पनप रही ही, वहीं डेंगू मलेरिया फैलने का अंदेशा बना हुआ है। जमा पानी में साँप एवं जहरीले कीड़े रोज निकलकर घर के अंदर आ जाते है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। इस संबंध उनके द्वारा वार्ड पार्षद निर्मला उबनारे के साथ नगरपालिका में कई बार आवेदन दे चुके है, लेकिन नगरपालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से वार्डवासी परेशान है। वार्डवासियों ने मांग की है,खाली भूखंड मालिकों को नोटिस देकर व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है। जिससे वार्डवासियो की समस्याओं का निराकरण हो सके। वार्डवासी महिलाओं द्वारा जनसुनवाई में सौपे गए, दूसरे ज्ञापन में बताया ताप्ती वार्ड संतरा मंडी क्षेत्र में वर्धमान आईटीआई तक सड़क का निर्माण हो चुका है। वर्धमान आईटीआई तक मकान भी बन चुके है। लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं हुआ है।

# जिला स्तरीय डीसीसी टोल फ्री नंबर 1950 पुन: प्रारंभ

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में जिला कांटेक्ट सेंटर डीसीसी संचालित कर टोल फ्री नंबर 1950 पुन: प्रारंभ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में डीसीसी संचालित करने के लिए ई गवर्नेंस श्री विवेक सूर्यवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने नोडल अधिकारी को महाप्रबंधक भारत संचार निगम लिमिटेड बैतूल से समन्वय स्थापित कर डीसीसी संचालित करने और 1950 पर प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित अधिकारी को भेजने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि डीसीसी चुनाव आयोग द्वारा संचालित एक कॉल सेंटर होता है, जो जिले में मतदाताओं की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए बनाया जाता है। यह केंद्र टोल-फ्री नंबर 1950 पर आने वाली कॉल्स को रिसीव करता है और मतदाता सूची, शिकायतों आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराता है।

# रबी की फसल के लिए नहर के पानी का इंतजार

**सारनी।** क्षेत्र के किसान जलाशय के पानी पर निर्भर है। जलाशय की नहर सुखी पड़ी है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बताया जाता है कि रानीपुर क्षेत्र में चार जलाशय का निर्माण अलग-अलग ग्राम पंचायत में किया गया है, जिसमें सन 1984 में रानीपुर में 1100 हेक्टेयर का तालाब निर्माण किया गया था। इस तालाब के निर्माण के 4 वर्ष बाद सन 1988 में नहर का निर्माण किया गया था लगभग 37 वर्ष पूर्व नहरों का निर्माण होने की वजह से नहर कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचने वाला पानी किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पता है। नहरों की मरम्मत न होने के कारण ज्यादातर पानी जमीन में ही रह जाता है। प्रदेश और राज्य सरकार के माध्यम से खेती किसानी को लाभ का व्यापार बनाने के उद्देश्य से नेहरो तालाबों का निर्माण युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। रानीपुर के अंतर्गत आने वाले चार तालाबों से 1605 हेक्टेयर लगभग 4013 एकड़ के किसानों को खरीफ और रवि की फसल लगाने के लिए पानी उपलब्ध हो पता है, बताया जाता है कि रानीपुर जलाशय 1100 हेक्टेयर,कुही जलाशय 250 हेक्टेयर, शोभापुर जलाशय 150 हेक्टेयर, माथनी जलाशय 105 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैला हुआ है और इन चार जलाशय से कुही, मायावनी, रानीपुर, हीरावाडी, बिशालदेही, मेहकार जूवाडी सहित दर्जनों गांव के किसानो को 12 महीने फसल लेने का काम कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में पुरानी नहरो की मरम्मत की मांग उठना भी जायज है ताकि किसान और बेहतर तरीके से फसलों का उत्पादन कर सके।

**इनका कहना है**

15 दिसंबर के बाद रबी की फसल कितने हेक्टेयर में लगाई गई है इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है।

**- लालजी कासदे, कृषि विभाग घोड़ाडोंगरी**

# गैस गोदाम के पास बना पार्क, हो सकता है बड़ा हादसा



**सारनी।** वार्ड क्रमांक एक में गैस गोदाम से समीप बने बच्चो के पार्क मे बड़े हादसा हो सकता है। नपा ने जिम एवं बच्चो के मनोरंजन की सामग्री लगाने के लिए आनन फानन में गैस गोदाम के पास पार्क का निर्माण कार्य किया है। इतना ही नहीं निर्माणाधीन पार्क मे जिम एवं बच्चो के खेलकूद तथा झूले लगा दिये है। जानकर लोगो का मानना है कि बच्चो के मनोरंजन के लिए गैस गोदाम से सटाकर पार्क का निर्माण करके बच्चो कि जिंदगी से खिलावाड किया है। पार्क निर्माण से पहले स्थल का निरिक्षण नहीं किया है. गैस गोदाम के पास पार्क बनने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बताया जाता है कि गैस गोदाम मे भारी मात्रा मे गैस सिलेंडर का स्टॉक रहता है। गैस एंजेसी संचालक ने पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किये है.ऐसे मे मासूम बच्चो का पार्क बनाना बच्चो कि जिन्दगी से खिलावाड़ करने से कम नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि गैस गोदाम के पास पार्क का निर्माण करने का कोई मतलब नहीं था। नगर पालिका ने पार्को में जिम एवं बच्चो के मनोरंजन की सामग्री खरीदी मे गोलमाल किये जाने को लेकर ठेकेदार को सामग्री सप्लाई के ऑर्डर जारी कर पार्को में सामग्री लगाने का काम भी शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि नगर पालिका ने शरुआत मे वार्ड क्रमांक तीन मे बने शहीद स्मारक प्रागण एवं वार्ड क्रमांक एक गैस गोदाम के पास बने पार्क मे जिम एवं बच्चो के मनोरंजन की सामग्री लगा कर बिल पास करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि नगर पालिका के वार्डो मे बने पार्को मे जिम एवं बच्चो के मनोरंजन की सामग्री की पीआईसी से दरो की स्वीकृति ले ली है.जिम एवं मनोरजन की सामग्री घटिया स्तर की बताई जा रही है।

**उपलब्धि** केंद्र सरकार से मिली 25 लाख की पुरस्कार राशि

# जल संरक्षण में सराहनीय कार्यों के लिए बैतूल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**बैतूल। देश में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैतूल जिले ने राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।**

**केन्द्रीय मंत्री जल शक्ति ने किया सम्मानित**

**वेस्टर्न जोन में बैतूल तीसरे स्थान पर आने पर सम्मान**



न्यू दिल्ली के विज्ञान भवन में 18 नवंबर को आयोजित 6वां नेशनल वाटर अवार्ड समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय श्री सी.आर. पाटिल ने बैतूल जिला पंचायत सीईओ श्री अक्षत जैन को जल संचय जन भागीदारी अवार्ड से किया सम्मानित है। उन्हें यह सम्मान केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मिला है। इसके साथ ही बैतूल जिले को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय यादव भी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि जनसहभागिता से जल संरक्षण के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने में बैतूल जिले ने देश में परचम लहराया है। केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान हासिल किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक जिले में 13499 जल संरक्षण कार्यों का सत्यापन किया गया है, जिसका अर्थ है कि यह सभी कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं। इन कार्यों में खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट, चेक डैम, कपिलधारा, तालाब सौंदर्यीकरण आदि प्रमुख जल संरक्षण गतिविधियां शामिल रहीं। जिले में जल संरक्षण के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई गई। इसमें उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कम लागत और अधिक प्रभावी कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जलस्रोतों का पुनर्जीवन किया गया। ग्रामीण अंचलों में हजारों कृत्रिम रिचार्ज स्ट्रक्चर और प्रत्येक गाँव में जल संरचनाएं स्थापित कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया गया। स्थानीय संगठनों और जनसहभागिता से परियोजनाओं को स्थायित्व मिला। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए गए। परिणामस्वरूप बैतूल जिले ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर देशभर में अपनी पहचान बनाई है।

# पीएमश्री एकीकृत स्कूल में मध्याह्न भोजन संतोषजनक

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा पीएम श्री एकीकृत कन्याशाला स्कूल पाथाखेड़ा में मध्याह्न भोजन की व्यवस्थाओं को लेकर मिली शिकायतों के बाद किए गए निरीक्षण में संपूर्ण व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।**



दोपहर 1 बजे के उपरांत बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने नहीं आई। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि विद्यालय में आज के लिए खीर, पूरी और सब्जी का मेनू निर्धारित था, जिसे बच्चे स्वाद लेकर खा रहे थे। विद्यालय प्राचार्य अमिता रावत ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 180 से 190 बच्चों को नियमित रूप से मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि आज की उपस्थिति के अनुसार लगभग 150 बच्चों ने भोजन ग्रहण किया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि विद्यालय में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। चार सदस्यों की टीम द्वारा पूरी स्वच्छता के साथ भोजन तैयार किया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पीएम श्री एकीकृत स्कूल के माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग—दोनों के बच्चों हेतु भोजन एक साथ तैयार कर समयानुसार परोसा जाता है। शिकायतों के बाद किए गए इस मौके निरीक्षण में यह सुनिश्चित हुआ कि स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण को ध्यान में रखते हुए मध्याह्न भोजन प्रणाली को व्यवस्थित और प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।